भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 157

04 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल का वित्तीय प्रदर्शन

157. श्री जी. वी. एल. नरसिंहा राव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आरआईएनएल की उत्पादन क्षमता और इसके उपयोग का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस वर्ष अप्रैल से आरआईएनएल का माह-वार उत्पादन कितना है;

(ग) चालू वर्ष में उत्पादन में भारी गिरावट के क्या कारण हैं;

(घ) उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार अथवा आरआईएनएल द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं:

(ङ.) विगत पांच वर्षों में आरआईएनएल का वर्ष-वार और इस वर्ष अब तक का वित्तीय प्रदर्शन क्या रहा है;

(च) आरआईएनएल के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार के लिए सरकार या आरआईएनएल द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(छ) क्या यह सच है कि पिछले कुछ महीनों में कर्मचारियों को वेतन भुगतान में देरी हुई है;

(ज) यदि हां, तो समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की तरल इस्पात उत्पादन क्षमता तथा उपयोग का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

(इकाई: मिलियन टन)

वर्ष	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
तरल इस्पात की उत्पादन क्षमता	6.3	6.3	6.3	6.3	6.3
वास्तविक उत्पादन	5.5	5.0	4.5	5.5	4.3
क्षमता उपयोगिता (%)	87	79	71	87	68

(ख): इस वर्ष अप्रैल से लेकर अब तक, आरआईएनएल के तरल इस्पात उत्पादन का माह-वार विवरण निम्नानुसार है:

माह	तरल इस्पात का वास्तविक उत्पादन ('000 टन में)
अप्रैल, 2023	415
मई, 2023	246
जून, 2023	376
जुलाई, 2023	404
अगस्त, 2023	414
सितंबर, 2023	384
अक्टूबर, 2023	368

(ग): चालू वर्ष में तरलता की बाधाओं के कारण उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है।

(घ): उत्पादन को बढ़ाने के लिए, आरआईएनएल कच्चे माल की उपलब्धता में वृद्धि को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित स्रोतों के अलावा वैकल्पिक स्रोतों से लौह अयस्क तथा कोयले को प्राप्त कर रहा है।

(ड.): पिछले पांच वर्षों के दौरान तथा चालू वर्ष में अभी तक आरआईएनएल का वर्ष-वार वित्तीय प्रदर्शन निम्नानुसार है:

रुपए करोड़ में

वर्ष	प्रचालन से राजस्व	कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	कर पश्चात लाभ (पीएटी)
2018-19	20492.00	-306.90	96.70
2019-20	15920.50	-4287.50	-3910.20
2020-21	18080.90	-1259.02#	-1012.16#
2021-22	28359.40	941.60	913.20
2022-23	22809.40	-3236.46	-2858.74
2023-24 (एच1) (अप्रैल -सितंबर, 2023)	11641.32	-2268.67	-2058.02

पुन: उल्लिखित

(च): आरआईएनल के कच्चे माल की लागत को कम करने के उद्देश्य से, इस्पात मंत्रालय ने आरआईएनएल को स्वदेशी कोकिंग कोल तथा तापीय कोयले की आपूर्ति के लिए इस मामले को कोयला मंत्रालय के साथ उठाया है। इस्पात मंत्रालय ने आरक्षण मार्ग के माध्यम से लौह अयस्क ब्लॉक के आवंटन के लिए ओड़िशा की राज्य सरकार से भी अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त, आरआईएनएल ने वित्तीय निष्पादन में सुधार के लिए समय-समय पर निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

- उच्चतर परिणामों की प्राप्ति तथा मूल्यवर्धित इस्पात के उत्पादन एवं बिक्री में वृद्धि के उद्देश्य से बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों के इष्टतमीकरण द्वारा प्रचालन लागत में कमी, लागत का तर्कसंगतिकरण और राजस्व का अधिकतमीकरण किया जा रहा है।
- लागत में कमी करने के लिए कोल ब्लैंड में घरेलू कोकिंग कोयले का अधिकतम प्रयोग करना।

(छ) और (ज): आरआईएनएल के कर्मचारियों को किसी माह के वेतन का भुगतान अगले माह की पहली तारीख को किया जाता है। सितंबर, 2023 तथा अक्टूबर, 2023 के मामले में तरलता की कमी के कारण वेतन का भुगतान अगले माह के प्रथम सप्ताह में किया गया था।

****